**हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर की प्रवेश समिति की दिनांक दिसम्बर 13, 2021 को सम्पन्न 17वीं बैठक का कार्यवृत्त :**

**बैठक मे निम्नलिखित सदस्य ऑफलाइन/ऑनलाइन उपस्थित हुये।**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रो0 समशेर, मा0 कुलपति, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | अध्यक्ष |
| 2. | प्रो0 के0वी0 आर्य, ए0बी0वी0आई0आई0आई0टी0 एण्ड मैनेजमेन्ट, ग्वालियर। | सदस्य |
| 3. | प्रो0 एस0पी0 शुक्ला, निदेशक, राजकीय इंजी0 कालेज, बांदा। | सदस्य |
| 4. | प्रो0 एस0के0सिंघल, अधिष्ठाता, स्कूल ऑफ इंजी0, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 5. | प्रो0 अलक कुमार सिंह, अधिष्ठाता, स्कूल ऑफ केमिकल टेक0, एवं ओ0बी0सी0 नामिनी, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 6. | प्रो0 राम औतार, अधिष्ठाता, स्कूल ऑफ बेसिक एण्ड एप्लाइड सांइस एवं सह समन्वयक, प्रवेश समन्वय समिति, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 7. | प्रो0 प्रदीप कुमार, परीक्षा नियंत्रक, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 8. | डा0 ए0के0 संखवार, एसो0 प्रोफेसर, इलेक्ट्रानिक्स इंजी0 विभाग (एस0सी0 नामिनी), एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 9. | श्री जमील अहमद, असि0 प्रोफेसर, इलेक्ट्रिकल इंजी0 विभाग, (अल्पसंख्यक नामिनी), एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 10. | श्री एम0डी0 सिंह, सिस्टम मैनेजर, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 11. | डा0 विनय प्रताप सिंह, असि0 प्रोफेसर, मैकेनिकल इंजी0 विभाग। | विशेष–आमंत्री |
| 12. | डा0 प्रभात वर्मा, असि0 प्रोफेसर, कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजी0 विभाग। | विशेष–आमंत्री |
| 13. | डा0 पी0के0एस0 यादव, असि0 प्रोफेसर, ऑयल टेक0 विभाग। | विशेष–आमंत्री |
| 14. | डा0 दीपेश सिंह, असि0 प्रोफेसर, सिविल इंजी0 विभाग एवं सह अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रियाकलाप, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | विशेष–आमंत्री |
| 15. | डा0 वी0के0 यादव, एसो0 प्रोफेसर, मानविकी विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | विशेष–आमंत्री |
| 16. | प्रो0 आनन्द कुमार, अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रियाकलाप, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य–सचिव |

**बैठक मे निम्नलिखित सदस्य उपस्थित नहीं हुये।**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रो0 दीपक श्रीवास्तव, अधिष्ठाता, स्कूल ऑफ ह्यूमिनाटीज एण्ड सोशल सांइसेज, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 2. | श्री अजय जौहरी, वित्त नियंत्रक, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 3. | डा0 नीरज कुमार सिंह, कुलसचिव, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 4. | श्रीमती ऐश्वर्या, वित्त एवं लेखाधिकारी, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | विशेष–आमंत्री |
| 5. | डा0 ललित कुमार सिंह, असि0 प्रोफेसर, बायोकेमिकल इंजी0 विभाग एवं सह अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रियाकलाप, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | विशेष–आमंत्री |

**प्रवेश समिति के अध्यक्ष महोदय एवं सदस्य सचिव द्वारा बैठक प्रारम्भ होने से पूर्व उपस्थित सदस्यों का स्वागत किया गया। तत्पश्चात् अध्यक्ष महोदय के निर्देशानुसार बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ हुई :**

**मद सं0:17.01 विश्वविद्यालय की प्रवेश समिति की दिनांक 15.06.2021 को सम्पन्न हुई 16वीं बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टीकरण।**

समिति ने विश्वविद्यालय की प्रवेश समिति की दिनांक 15.06.2021 को सम्पन्न बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टीकरण किया।

**मद सं0:17.02 विश्वविद्यालय की प्रवेश समिति की दिनांक 15.06.2021 को सम्पन्न बैठक में लिये गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही का विवरण।**

समिति ने विश्वविद्यालय की प्रवेश समिति की दिनांक 15.06.2021 को सम्पन्न बैठक में लिये गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही के विवरण को संज्ञान में लिया।

**मद सं0:17.03 शैक्षिक सत्र 2021–22 में विश्वविद्यालय के बी0टेक0 पाठ्यक्रम में प्रवेश का विवरण।**

शैक्षिक सत्र 2021–22 में विश्वविद्यालय के बी0टेक0 पाठ्यक्रम में प्रवेश के प्रस्तुत विवरण से प्रवेश समिति संज्ञानित हुई।

**मद सं0:17.04 शैक्षिक सत्र 2021–22 में विश्वविद्यालय के बी0टेक0 (क्षैतिज प्रवेश) पाठ्यक्रम में प्रवेश का विवरण।**

शैक्षिक सत्र 2021–22 में विश्वविद्यालय के बी0टेक0 (क्षैतिज प्रवेश) पाठ्यक्रम में प्रवेश के प्रस्तुत विवरण से प्रवेश समिति संज्ञानित हुई।

**मद सं0:17.05 शैक्षिक सत्र 2021–22 में विश्वविद्यालय के एम0सी0ए0 पाठ्यक्रम में प्रवेश का विवरण।**

शैक्षिक सत्र 2021–22 में विश्वविद्यालय के एम0सी0ए0 पाठ्यक्रम में प्रवेश के प्रस्तुत विवरण से प्रवेश समिति संज्ञानित हुई तथा सभी सीटों पर प्रवेश पर हर्ष व्यक्त किया।

**मद सं0:17.06 शैक्षिक सत्र 2021–22 में विश्वविद्यालय के एम0टेक0 पाठ्यक्रम में प्रवेश का विवरण।**

शैक्षिक सत्र 2021–22 में विश्वविद्यालय के एम0टेक0 पाठ्यक्रम में प्रवेश के प्रस्तुत विवरण से प्रवेश समिति संज्ञानित हुई। समिति ने गत वर्षों से एम0टेक0 पाठ्यक्रमों में कम प्रवेश पर चिन्ता व्यक्त की। समिति ने प्रवेश स्थिति के आंकलन एवं सुझाव हेतु अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रिया कलाप की अध्यक्षता में एक समिति गठित करने का

निर्णय लिया। अधिष्ठाता, स्कूल आफ इंजीनियरिंग तथा अधिष्ठाता, स्कूल ऑफ टेक्नोलॉजी समिति के अन्य सदस्य होंगे।

**मद सं0:17.07 शैक्षिक सत्र 2021–22 में विश्वविद्यालय के एम0बी0ए0 पाठ्यक्रम में प्रवेश का विवरण।**

शैक्षिक सत्र 2021–22 में विश्वविद्यालय के एम0बी0ए0 पाठ्यक्रम में प्रवेश के प्रस्तुत विवरण से प्रवेश समिति संज्ञानित हुई। समिति ने अल्पावधि में एम0बी0ए0 पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु डा0 वी0के0 यादव, विभागाध्यक्ष मानविकी विभाग के प्रयासों की सराहना की।

**मद सं0:17.08 शैक्षिक सत्र 2021–22 में विश्वविद्यालय के एम0एस0सी0 पाठ्यक्रम में प्रवेश पर विचार।**

शैक्षिक सत्र 2021–22 में विश्वविद्यालय के एम0एस0सी0 पाठ्यक्रम में प्रवेश के प्रस्तुत विवरण से प्रवेश समिति संज्ञानित हुई तथा आगामी वर्ष से एम0एस0सी0 के सभी विषयों में प्रवेश हेतु राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा जैम के माध्यम से प्रवेश तथा शेष बची हुयी सीटों पर विश्वविद्यालय स्तर पर लिखित परीक्षा के माध्यम से प्रवेश दिये जाने पर अपना अनुमोदन प्रदान किया।

**मद सं0:17.09 शैक्षिक सत्र 2021–22 में विश्वविद्यालय के पी0एच0डी0 पाठ्यक्रम में प्रवेश का विवरण।**

शैक्षिक सत्र 2021–22 में विश्वविद्यालय के पी0एच0डी0 पाठ्यक्रम में प्रवेश के प्रस्तुत विवरण से प्रवेश समिति संज्ञानित हुई तथा कम प्रवेश पर चिन्ता व्यक्त की। समिति ने पी0एच0डी0 शोधार्थियों की संख्या में वृद्धि हेतु वर्तमान सत्र के दूसरे सेमेस्टर में पी0एच0डी0 प्रवेश लिये जाने का निर्देश दिया गया।

**मद सं0:17.10 प्रवेश समन्वय समिति के कार्यों में सहयोग देने वाले शिक्षकों/अधिकारियों/कर्मचारियों हेतु मानदेय पर विचार।**

प्रवेश समिति ने विश्वविद्यालय के विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु गठित ''प्रवेश समन्वय समिति'' के कार्यों में सहयोग देने वाले शिक्षकों/अधिकारियों/कर्मचारियों को प्रस्तावित मानदेय/पारिश्रमिक की दरों को वर्तमान शैक्षिक सत्र से ही पुनरीक्षित किये जाने के प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया।

बैठक अध्यक्ष महोदय को धन्यवाद के साथ पूर्ण हुई।

17.12.21

**(आनन्द कुमार)**
सदस्य–सचिव एवं
अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रिया कलाप